गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली

दिनाँक: 02/02/2020

डॉ०पी०द० ब० हि० राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में प्राचार्य प्रो० जानकी पंवार ने गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में उत्तराखंड निदेशालय देहरादून का प्रतिनिधित्व करने वाले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ०4 कैडेट्स को सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी। आपने कैडेट् आंचल गोसाई,स्वाति डोबरियाल, अभिनव जोशी को गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभाग के लिए एवं कैडेट मनदीप सिंह रावत को प्रधानमंत्री रैली में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार का प्रतिनिधित्व करने के लिए शुभकामनाएं दी।

चार कैडेट्स हुए सम्मानित,गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में उत्तराखंड निदेशालय देहरादून का किया था प्रतिनिधित्व

(दैनिक सरल एक्सप्रेस)

कोटद्वार -- डॉ०पी०द० ब० हि० राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में आज प्राचार्य प्रो० जानकी पंवार ने गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में उत्तराखंड निदेशालय देहरादून का प्रतिनिधित्व करने वाले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ०4 कैडेट्स को सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी।

आपने कैडेट् आंचल गोसाई,स्वाति डोबरियाल, अभिनव जोशी को गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभाग के लिए एवं कैडेट मनदीप सिंह रावत को प्रधानमंत्री रैली में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार का प्रतिनिधित्व करने के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पवार ने सम्मानित कैडेट्स एवं समस्त कैडेट्स का मार्गदर्शन कर आगामी शिविर में ऐसी लगन और मेहनत के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की भी कामना की। प्राचार्या प्रो० जानकी पंवार ने बताया की अखिल भारतीय स्तर पर इस बार उत्तराखंड राज्य का छठा स्थान था। इस विशेष स्थान हेतु उत्तराखंड के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चोपड़ा द्वारा उत्तराखंड राज्य को बेस्ट ऑल अराउंड इंप्रूवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। समस्त कैडेट्स की दिल्ली से देहरादून तक 31 जनवरी को वापसी हुई इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने समस्त कैडेट्स को शुभकामनाएं दी एवं उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर वरिष्ठतम प्राध्यापक विभागाध्यक्ष बीएड विभाग डॉ० डी०एम०शर्मा, डॉ० रीटा शर्मा, डॉ० निरंजना शर्मा, डॉ० अनुराग अग्रवाल, पूर्व एन० सी० सी० प्रभारी डॉ० प्रीति कुमारी, वर्तमान एन०एन० सी० प्रभारी डॉ० तनु मित्तल उपस्थित रहें।

स्वच्छता ही सेवा

दिनाँक:28/02/2020

डॉ०पी०द० ब० हि० राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत एन०सी०सी० प्रभारी डॉ० तनु मित्तल एवं समस्त कैडेट्स के द्वारा महाविद्याल परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। समस्त कैडेट्स के द्वारा महाविद्यालय परिसर में प्लास्टिक कूड़ा निस्तारण, अन्य सूखाकूड़ा खरपतवारो की कटाई, फलदार वृक्षों तथा अन्य वृक्षों की साफ-सफाई की गई।

स्कॉउट एवं गाइड की स्थापना करने वाले लार्ड बैडेन पावेल का जन्म हुआ था। बताया कि पूरा विश्व उनकी जयंती को चिंतन दिवस के रूप में मनाता है।

किया गया।

रविवार को राउमावि बादशाहीथौल में आयोजित विज्ञान एवं गणित दिवस का शुभारंभ नगर पालिका सभासद शक्ति

एकेडमी बुरांशबाड़ी, ब्राइट स्कॉलर्स एकेडमी रानीचौरी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कैडेटों ने स्वच्छता अभियान चलाया

एनसीसी

कोटद्वार | हमारे संवाददाता

पीजी कॉलेज कोटद्वार में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम के तहत एनसीसी कैडेटों ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की।

रविवार को एनसीसी प्रभारी डा.तनु मित्तल एवं कैडेटों द्वारा महाविद्याल परिसर में सफाई अभियान चलाकर प्लास्टिक कूड़ा निस्तारण, खरपतवारों की कटाई, फलदार वृक्षों तथा अन्य वृक्षों की साफ-सफाई की गई। इस मौके पर एनसीसी प्रभारी डॉ.तनु मित्तल ने कैडेटों को साफ-सफाई एवं स्वयं की स्वच्छता पर ध्यान रखने हेतु संकल्प दिलाया। साथ ही जागरूक होने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य मात्र अक्तूबर माह में सफाई ना करके वर्षभर सफाई अभियान चलाना है और दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर कैडेट आशीष रावत, सौरभ रावत, मयंक नेगी, अंकित नेगी, प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

कोटद्वार पीजी कॉलेज में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाते एनसीसी कैडेट्।

<u>प्रतियोगी परीक्षाओं में उच्च प्रदर्शन हेतु ई- क्लास का आयोजन</u>

दिनाँक:29/02/2020

महाविद्यालय एनसीसी प्रभारी डा०. तनु मित्तल द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में उच्च प्रदर्शन हेतु कैडेट्स के मनोबल को ऊंचा रखने के लिए ई- क्लास का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट्स ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया।

एक भारत श्रेष्ट भारत ऑनलाइन कैंप

दिनाँक:06/07/2020

गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, कोटद्वार में एनसीसी कैडेटस के ऑनलाइन कैंप की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कैंप के माध्यम से एनसीसी कैडेटस राज्य की सांस्कृतिक झलकियों से अन्य राज्यों के कैडेटस को अवगत कराएंगे।कॉलेज की एनसीसी प्रभारी डॉ. तनु मित्तल ने बताया कि 31 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी उत्तराखंड डायरेक्ट्रेट के तत्वाधान में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के तत्वाधान में ऑनलाइन कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। इस कैंप के लिए कोटद्वार कॉलेज के 15 कैडेट्स का चयन हुआ है।शनिवार को कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. जानकी पंवार ने गूगल मीट के माध्यम से एनसीसी प्रभारी डॉ. तनु मित्तल एवं चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएं दी। साथ ही एक भारत श्रेष्ठ भारत, भारत की राष्ट्रीय एकता का प्रतीक एवं सुंदर संदेश है।

बना दी है। कोतवाली में प्रवेश से पहले कार्मिकों व फरियादियों को सैनिटाइजर आंखों के अंदर न जाए।

टैक्स अधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

ऑनलाइन एनसीसी कैंप 6 से 11 जुलाई तक

जयन्त प्रतिनिधि

कोटद्वार। 31 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी उत्तराखंड डायरेक्ट्रेट के निर्देश पर एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के तत्वाधान में ऑनलाइन कैंप का आयोजन 6 से 11 जुलाई तक किया जायेगा। कैंप में डॉ. पिताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के 15 एनसीसी कैडेट्स समेत उत्तराखण्ड के 62 कैडेट्स प्रतिभाग करेगें।

महाविद्यालय की एनसीसी प्रभारी डॉ. तनु मित्तल ने बताया कि 31 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी उत्तराखंड डायरेक्ट्रेट के निर्देश पर एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के तत्वाधान में ऑनलाइन कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें महाविद्यालय के 15 कैडेट्स का चयन हुआ है। शनिवार को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. जानकी पंवार ने गूगल मीट के माध्यम से एनसीसी प्रभारी डॉ. तनु मित्तल एवं चयनित कैडेट्स को बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत देश की राष्ट्रीय एकता का प्रतीक एवं सुंदर संदेश है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र राज्य के कैडेट्स को अपनी संस्कृति, रीति-रिवाज, इतिहास और परंपरा को परिचित कराने का यह सबसे बेहतर मंच है। जिस प्रकार इडली और डोसा दक्षिण भारत के खान-पान की पहचान है उसी प्रकार हमें अपने उत्तराखंडी व्यंजनों को जैसे अरसे, मंडुए की रोटी और कंडाली के साग को राष्ट्रीय पहचान दिलानी होगी। एनसीसी प्रभारी डॉ. तनु मित्तल ने बताया कि चयनित कैडेट्स ने अपने सभी ऑनलाइन प्रदर्शन की तैयारी कर ली है। कैडेट्स द्वारा गढ़वाली और कुमाऊंनी संस्कृति पर नृत्य नाटिका तैयार की है। शनिवार को गूगल मीट पर पूर्वाभ्यास किया गया। कैम्प में महाराष्ट्र से 50 कैडेट्स, सैंसडीन कॉलेज के 2 कैडेट्स, कोटद्वार कॉलेज, ऋषिकेश कॉलेज और गुरूकुल कांगड़ी कॉलेज हरिद्वार, शांति कुंज कॉलेज हरिद्वार के 15-15 कैडेट्स प्रतिभाग करेगें।

हरेला पर्व सप्ताह

दिनाँक:14/07/2020

हरेला पर्व सप्ताह के तहत गवर्नमेंट पीजी कॉलेज परिसर में पौधा रोपण किया गया। इस मौके पर रोपे गए पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।

मंगलवार को कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. जानकी पंवार के नेतृत्व में प्राध्यापक और कॉलेज के एनसीसी कैडेटस ने सोशल डिस्टेंसिंग के साथ परिसर में पौधे रोपे। इस मौकेपर प्रिंसिपल प्रो. जानकी पंवार ने सभी कैडेट्स को बताया कि हरेला में पौधारोपण का महत्व है।

उन्होंने कहा कि रोपे गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लेना होगा ताकि पौधा रोपण धरातल पर दिख सकें। उन्होंने एनसीसी कैडेटस का आहवान किया कि लगाएं गए पेड़ों के लिए सभी कैडेट्स को उन्हें नियमित पानी मिट्टी और खाद दें।

महाविद्यालय की एनसीसी प्रभारी डॉ. तनु मित्तल ने बताया कि हरेला पर्व सप्ताह के अवसर पर एनसीसी के सभी कैडेटस को सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करते हुए अपने घर के आस-पास ही पेड़ लगाने के लिए निर्देशित किया गया था। जिसमें सभी कैडेटस द्वारा बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग लिया गया।

CELEBRATING KARGIL VIJAY DIVAS

Date :26/07/2020

Let us salute to all our soldiers who are brave and protect us all throughout the day and night. Let us remember their fights and toil on this day. **Happy Kargil Vijay Diwas** to all of us.organised a Webinar on remembering the Bravehearts of India.

Special Thanks to Hon. Cabinet Minister Dr.Harak singh Rawat ji and Principal Ma'am Prof. Janki panwar.

गैरसैंण 27 जुलाई 2020 जयन्

एनसीसी कैडेट्स को ऊर्जा और लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार। डॉ. पिताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में कारगिल विजय दिवस की 21वीं वर्षगांठ को ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काबीना मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने देश की आजादी से लेकर पाकिस्तान युद्ध, मुंबई के आतंकवादी हमले, कारगिल युद्ध, सर्जिकल स्ट्राइक को याद करते हुए भारतीय सैनिकों, गढ़वाल रेजीमेंट और कुमाऊं रेजीमेंट के शूरवीरों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काबीना मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सभी शहीदों की शहादत को नमन करते हुए कहा कि आपका बलिदान युगों-युगों तक हमें ऊर्जा प्रदान करता रहेगा। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों तक गढ़वाल विश्वविद्यालय में सैन्य विज्ञान विषय में अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने महाविद्यालय के समस्त कैडेट्स को ऊर्जा और लगन के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। काबीना मंत्री ने महाविद्यालय में परेड हेतु मैदान के जीर्णोद्धार, स्मार्ट क्लास के निर्माण की घोषणा की। महाविद्यालय के कैडेट मयंक नेगी ने शहीदों की याद में व्याख्यान दिया। अंजलि नेगी ने शहीदों को स्वयं रचित पंक्तियों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। कैडेट काजल ने कविता के माध्यम से शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। एनसीसी प्रभारी डॉ. तनु मित्तल ने मुख्य अतिथि काबीना मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत जी एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. जानकी पंवार का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डॉ. डीएम शर्मा, डॉ. ऋचा जैन, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. अंशिका बंसल, अंकेश चौहान सहित महाविद्यालय के समस्त कैडेट्स उपस्थित रहें।

गूगल मीट के माध्यम से काबीना मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत एनसीसी कैडेटस को संबोधित करते हुए।

आत्मनिर्भर भारत अभियान

दिनाँक:11/08/2020

प्राचार्या प्रो० जानकी पंवार ने भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत जिसमें 130 करोड़ भारतीयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए साथ ही लोकल उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए लोकल से वोकल ऑनलाइन प्रतिज्ञा अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो० जानकी पंवार और एन०सी०सी० प्रभारी डॉ० तनु मित्तल ने जागरूकता अभियान के द्वारा एक वेबीनार का आयोजन किया। वेबीनार के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स को आत्मनिर्भर भारत और लोकल पर वोकल की प्रतिज्ञा के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही साथ अपने सभी कैडेट्स को लोकल से वोकल की ऑनलाइन प्रतिज्ञा के लिए अपने आसपास के सभी लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। डॉ० तनु मित्तल ने बताया कि महाविद्यालय में सर्वप्रथम प्राचार्या प्रो० जानकी पंवार ने स्वयं ऑनलाइन प्रतिज्ञा लेकर सभी को जागरूक किया और महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शिक्षणेतर कर्मचारियों, एवं छात्र/ छात्राओं को ऑनलाइन प्रतिज्ञा हेतु आवाहन किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य ने की लोकल से वोकल ऑनलाईन प्रतिज्ञा अभियान की शुरूआत

भारत सरकार के आत्म निर्भर भारत अभियान के तहत 130 करोड़ भारतीयों को बनाना है आत्म निर्भर

लोक संहिता प्रतिनिधि

कोटद्वार। डॉ० पी०द०ब०हि० राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में मंगलवार को प्राचार्या जानकी पंवार ने भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत जिसमें 130 करोड़ भारतीयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए साथ ही लोकल उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए लोकल से वोकल ऑनलाइन प्रतिज्ञा अभियान चलाया गया। प्राचार्य ने कहा कि हम सभी को प्रतिज्ञा लेनी है कि हम सभी लोकल उत्पादों को बढ़ावा देंगें। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो० जानकी पंवार और एन०सी०सी० प्रभारी डॉ० तनु मित्तल ने जागरूकता अभियान के द्वारा एक वेबीनार का आयोजन किया। वेबीनार के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स को आत्मनिर्भर भारत और लोकल पर वोकल की प्रतिज्ञा के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही साथ अपने सभी कैडेट्स को लोकल से वोकल की ऑनलाइन प्रतिज्ञा के लिए अपने आसपास के सभी लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। डॉ० तनु मित्तल ने बताया कि महाविद्यालय में सर्वप्रथम प्राचार्या प्रो० जानकी पंवार ने स्वयं ऑनलाइन प्रतिज्ञा लेकर सभी को जागरूक किया और महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शिक्षणेतर कर्मचारियों, एवं छात्र/ छात्राओं को ऑनलाइन प्रतिज्ञा हेतु आवाहन किया। डॉ ० तनु मित्तल ने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत अभी तक महाविद्यालय के 3100 लोगो ने ऑनलाइन प्रतिज्ञा लेकर ई प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है जो महाविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। साथ ही इस जागरूकता अभियान को 15 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर कैडेट मयंक नेगी, सौरव रावत, प्रियंका, प्रवेश चौहान, अंजलि नेगी, अतुल खंतवाल और महाविद्यालय के सभी कैडेट्स मौजूद रहे।

फिटइंडियामूवमेंट(#FitIndiaMovement)

दिनाँक:17/08/2020

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार की राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ईकाई (यूनिट) 5/31 यूके० कम्पनी कोटद्वार में दिनांक 15/08/20 से 14/09/20 तक महाविद्यालय एनसीसी कैडेट्स ने भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए #फिटइंडियामूवमेंट(#FitIndiaMovement) अभियान का सफल संचालन किया।इस अभियान द्वारा कैडेट्स ने अपने परिवार जनों, मित्रों में तथा सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसी ऐप के उचित उपयोग द्वारा अपने मोहल्लों ,कस्बों तथा समाज में फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाकर महाविद्यालय एनसीसी यूनिट को गौरवान्वित किया।

इस अभियान की सफलता पर प्राचार्य महोदया प्रो०जानकी पंवार मैम ने कैडेट्स के इस जागरूकता अभियान की तथा महाविद्यालय एनसीसी प्रभारी डा. तनु मित्तल के कुशल नेतृत्व की सराहना की,तथा शुभकामनाएं प्रेषित की। महाविद्यालय एनसीसी प्रभारी डा. तनु मित्तल ने कैडेट्स को फिट इंडिया मूवमैंट अभियान की महत्ता एवं आवश्यकता पर वेबिनार का आयोजन किया तथा कैडेट्स के उज्जवल भविष्य की कामना की।



Appreciation by Commanding Officer and Hon’ble Higher Education Minister of Uttarakhand

Date :18/08/2020

NCC Incharge Dr Tanu Mittal and NCC cadets made an active participation and excellent performance in many competition and achieved 15 medals.In Ek Bharat Shrestha Bharat campaign which aims to actively enhance interaction between people of diverse cultures living in different States and UTs in India, with the objective of promoting greater mutual understanding amongst them.

Hon’ble Cabinet Ministers of Uttarakhand Govt. Dr.Dhan singh Rawat ji, Dr.Harak singh Rawat ji and Hon’ble Respected MP of Pauri garhwal Shri Tirath Singh Rawat ji presented and honoured Dr.tanu Mittal with Memento and with Appreciation Certificate.

राष्ट्रीय कैंसर दिवस जागरूकता अभियान

दिनाँक:07/11/2020

आज दिनांक 07/11/20 को राष्ट्रीय कैंसर दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के एनसीसी कैडेट्स द्वारा कैंसर जागरूकता अभियान रैली निकाली।

कॉलेज की एनसीसी प्रभारी डॉ तनु मित्तल के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स के द्वारा कोविड-19 के नियमों का ध्यान रखते हुए मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेन करते हुए कलाबड़, लोअर कालाबड, डिग्री कॉलेज रोड, एवं कॉलेज परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. महन्थ मौर्य ने एनसीसी कैडेट्स को रैली हेतु रवाना किया। कैडेट अंजलि नेगी, कैडेट प्रवेश चौहान ने रास्ते में मिलने वाले लोगों को कैंसर के कारण एवं दुष्परिणामों से अवगत कराया।कैडेट्स ने तम्बाकू, प्रदूषण, प्लास्टिक और रासायनिक खाद के दुषपरिणामों से होने वाले हानिकारक कैंसर से लोगो को अवगत कराया। कैडेट बॉबी, वैशाली,अंजलि, मेहुला ने कैंसर के स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। सभी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में उपस्थित प्राध्यापकों और कर्मचारियों को भी बढ़ते कैंसर के कारणों से अवगत कराया।

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस

दिनाँक:09/11/2020

आज दिनांक 9 नवंबर 2020 , देवभूमि उत्तराखंड राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार की एनसीसी ईकाई द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय एनसीसी प्रभारी डॉ तनु मित्तल ने एनसीसी कैडेटों तथा महाविद्यालय के अन्य छात्र छात्राओं को राज्य स्थापना की शुभकामनाएं शुभकामनाएं एवं बधाइयां देकर तथा उत्तराखंड राज्य के निर्माण में अपना सर्वस्व दान करने वाले अमर शहीद आंदोलनकारियों को सहृदय भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसी अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ सीमा चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य स्थापना की महत्वता तथा राज्य की सांस्कृतिक धरोहर एवं विरासत का महत्व भी समझाया तथा इसे संजो कर रखने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम में डॉ एमडी कुशवाहा ,डॉ प्रीति नेगी ,डॉ अमित जायसवाल तथा डॉ सुषमा थलेडी ने अपने विचार कैडेट्स के साथ साझा किए। एनसीसी कैडेट अंजलि नेगी ने उत्तराखंड राज्य के लिए हुए आंदोलनों का संक्षिप्त इतिहास बताया तथा कैडेट अंकित नेगी विवेक नेगी तथा कैडेट मयंक नेगी ने उत्तराखंड राज्य राज्य की प्रगति आत्मनिर्भरता तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।